मूल हिंदी

भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 4207
19 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

पश्चिम बंगाल में स्मार्ट शहर

4207. **श्री कुनार हेम्ब्रमः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का पश्चिम बंगाल में स्मार्ट शहर स्थापित करने का विचार है; और

(ख) क्या केन्द्र सरकार को स्मार्ट शहरों के संबंध में राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख) : भारत सरकार ने स्मार्ट शहरों के रूप में 100 शहरों का विकास करने के लिए दिनांक 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) की शुरूआत की थी। 100 स्मार्ट शहरों का चयन जनवरी, 2016 से जून, 2018 तक चयन के चार दौर में शहर चुनौती प्रक्रिया के माध्यम से किया गया था। पश्चिम बंगाल के न्यू टाउन कोलकाता का चयन स्मार्ट शहर के रूप में विकसित करने के लिए मई 2016 में किया गया है।

******